# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-V

**मिशन शक्ति 5.0"जागरूकता जगाएं, मिशन शक्ति से जुड़ें, सुरक्षित और सशक्त समाज बनाएं।"**

**थाना मोहनलालगंज की टीम द्वारा कालेबीर मन्दिर व कस्बा मोहनलालगंज में महिलाओं एवं बच्चों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर महिला अपराध, साइबर क्राइम व यातायात नियमों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर अपराध व अपराध से बचाव को लेकर किया गया जागरूक।**

**दिनांक- 23.04.2026**

**मिशन शक्ति 5.0** के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में **श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर** के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना मोहनलालगंज टीम द्वारा कालेबीर मन्दिर व कस्बा मोहनलालगंज पर मिशन शक्ति के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें राहगीर महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई और साथ ही उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया। यह पहला सकारात्मक कदम है जो समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश फैला रहा है।

### आयोजक/ अयोजन स्थल

- महिला मुख्य आरक्षी अंगीता, थाना मोहनलालगं, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी साधना वर्मा, थाना मोहनलालगंज, लखनऊ कमिश्नरेट
- कालेबीर मन्दिर व कस्बा मोहनलालगंज लखनऊ ।

### प्रतिभाग-

- महिला मुख्य आरक्षी अंगीता, थाना मोहनलालगं, लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी साधना वर्मा, थाना मोहनलालगंज, लखनऊ कमिश्नरेट
- कालेबीर मन्दिर व कस्बा मोहनलालगंज लखनऊ में जाकर महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक किया गया ।

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

लखनऊ पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति गंभीर प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए थाना मोहनलालगंज टीम द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, दिनांक 23.04.2026 को कालेबीर मन्दिर व कस्बा मोहनलालगंज में जाकर महिलाओं एवं बच्चों से सीधा संवाद किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं व बच्चों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को अपराध, साइबर अपराध से बचाव, सी.ई.आई.आर. पोर्टल, यूपी कॉप ऐप के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें आपात स्थितियों में त्वरित सहायता प्राप्त करने के लिए सभी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों - जैसे 1090 (महिला पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवाएं), 108 (एम्बुलेंस), 1098 (चाइल्डलाइन) और 1076 (टोल-फ्री हेल्पलाइन) - से अवगत कराया गया। बच्चो को गुड एच वह स्पर्श होता है, जिसमें हमें सुरक्षित, सम्मानित और अच्छा महसूस होता है, जैसे माता-पिता या शिक्षक का स्नेहपूर्ण स्पर्श व बैड टच वह स्पर्श होता है जिससे असहजता, डर या शर्म महसूस हो, और जिसे कोई बिना अनुमति के करता है। अगर कोई असहज तरीके से छुए, तो तुरंत "ना" कहें और वहां से दूर हट जाए। ऐसी किसी भी घटना को छिपाएं नही, बल्कि अपने माता-पिता, शिक्षक या विश्वसनीय व्यक्ति के तुरंत बताएं। आवश्यकता पड़ने पर 1098 (चाइल्डलाइन) या 112 जैसे हेल्पलाइन नंबर पर सहायता ले, के बारे में जानकारी दी गयी।

महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका को समझाया गया तथा बालिकाओं को उनके भविष्य के प्रति आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

**सारांश:**

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बच्चो को अपराधों के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें यह आत्मविश्वास देना था कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा तैयार है। उन्हें डरने के बजाय, किसी भी अनहोनी की स्थिति में तुरंत 1090 या 112 पर कॉल करके मदद लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-IV

**दिनांक- 23.04.2026**

**मिशन शक्ति 5.0-"शिक्षा की रोशनी, सुरक्षा की शक्ति, मदेयगंज पुलिस के साथ मिशन शक्ति!"**

**थाना मदेयगंज टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अन्तर्गत अवध इंटर कॉलेज, मदेयगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिला/पुरुष शिक्षक, छात्र-छात्राएं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर, साइबर अपराध, सरकारी योजनाओं, महिला सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करके यातायात एवं यूपी-कॉप के बारे में जानकारी देकर किया जागरूक।**

मिशन शक्ति 5.0 उत्तर प्रदेश सरकार की एक अभूतपूर्व पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, शिक्षा, स्वावलंबन और सम्मान के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित और सक्षम बनाना है। यह केवल एक योजना नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण के लिए एक समग्र अभियान है।

**उत्तर प्रदेश सरकार के दृष्टिकोण** और **पुलिस महानिदेशक महोदय के निर्देशानुसार, पुलिस आयुक्त महोदय, कमिश्नरेट लखनऊ के** मार्गदर्शन में 22 सितंबर 2025 से 'मिशन शक्ति 5.0' का विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान नारी सशक्तिकरण को एक नई दिशा और गति प्रदान कर रहा है।

लखनऊ पुलिस ने महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जनपद के सभी 54 थानों में विशेष 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए हैं। यह निर्णय श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर, पुलिस आयुक्त, लखनऊ के मार्गदर्शन में "मिशन शक्ति 5.0" के तहत लिया गया है

**आयोजक/आयोजन स्थल-**

- उ0नि0 नागवेन्द्र सिंह, थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट।
- उ0नि0 प्रमोद तिवारी, थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट।
- थाना मदेयगंज पुलिस द्वारा अवध इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**प्रतिभाग-**

- उ0नि0 नागवेन्द्र सिंह, थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट।
- उ0नि0 प्रमोद तिवारी, थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट।
- उ0नि0 अनुज गर्ग, थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0हे0का0 वर्तिका चतुर्वेदी, थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0आ0 रीना राव, थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0आ0 आंचल सिंह, थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0आ0 विमलेश थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट।
- म0आ0 सुमन थाना मदेयगंज लखनऊ कमिश्नरेट।
- महिला/पुरुष शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं पुलिस टीम की सक्रिय भागीदारी

## कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-

मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 16.04.2026 को अवध इंटर कॉलेज थाना मदेयगंज लखनऊ में थाना स्थानीय से मौजूद फोर्स द्वारा महिला/पुरुष शिक्षक, छात्र-छात्राएं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए पुलिस हेल्पलाइन नंबर जैसे 112, 1090,181,1076 एवं अन्य महत्वपूर्ण नंबरो के साथ ही महिला सशक्तिकरण, महिला सुरक्षा केंद्र (वीमेन पावर लाइन ), महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र व साइबर क्राइम, यूपी कॉप एप, आदि के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी दी गई

तथा साइबर क्राइम से बचाव और सुरक्षा के सम्बन्ध में अवगत कराया गया एवं मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं(शिक्षा/ बैंक सुविधा/ विधवा पेंशन योजना व अन्य ) के बारे में जरिए पेम्फलेट महिला सशक्तिकरण संबंधी जागरुकता अभियान चलाया गया ।

## मिशन शक्ति 5.0: एक संक्षिप्त विवरण

मिशन शक्ति 5.0 उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाया जाने वाला एक विशेष अभियान है, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, जागरूकता और सशक्तिकरण सुनिश्चित करना है।

## मुख्य कार्यक्षेत्र एवं उद्देश्य:

- महिलाओं एवं छात्राओं को यौन उत्पीड़न, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा जैसे अपराधों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया।
- राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 1090 (वूमेन पावरलाइन), 181, 1098, 1076, 1930, 101, 102, 108 आदि की जानकारी प्रदान की गई।
- छात्राओं को शिक्षा के महत्व एवं उनके शैक्षिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों एवं संरक्षण प्रदान करने वाले कानूनों, जैसे POCSO अधिनियम, के बारे में बताया गया।
- एंटी रोमियो टीम, पिंक बूथ, पिंक मोबाइल एवं महिला शक्ति केंद्र की भूमिका एवं कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई।

## निष्कर्ष

मिशन शक्ति 5.0 महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में उत्तर प्रदेश पुलिस की एक सराहनीय और सतत प्रयास है। यह अभियान केवल एक अभियान नहीं, बल्कि एक सामाजिक परिवर्तन का वाहक बनने का प्रयास है। महिलाओं और छात्राओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और हेल्पलाइन सुविधाओं से अवगत कराकर यह अभियान उन्हें आत्मनिर्भर और सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-III

**दिनांक- 23.04.2026**

**मिशन शक्ति 5.0-"सुरक्षित समाज की पहचान – सशक्त महिला, जागरूक इंसान!"**

**थाना बिजनौर पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत गुडौरा थाना क्षेत्र बिजनौर में जाकर महिलाओं एवं बच्चों को महिला सुरक्षा से जुड़े हेल्पलाइन नंबर. साइबर अपराध से बचाव, यूपी-कॉप ऐप तथा यातायात नियमों की दी गई जानकारी।**

मिशन शक्ति 5.0 अभियान एक सराहनीय कदम है जो महिला सशक्तिकरण के संदेश को देश के कोने-कोने तक पहुँचाने में मदद कर रहा है। यह न केवल महिलाओं को उनकी शक्ति का अहसास कराता है बल्कि एक सुरक्षित, सम्मानजनक और समान समाज के निर्माण की नींव रखता है।

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

### आयोजक/आयोजन स्थल

- महिला उपनिरीक्षक आराधना वर्मा थाना बिजनौर लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी पल्लवी शुक्ला थाना बिजनौर लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी कोमल सिंह थाना बिजनौर लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी अमृता प्रतिभा थाना बिजनौर लखनऊ कमिश्नरेट
- गुडौरा थाना क्षेत्र बिजनौर ।

### प्रतिभाग-

- महिला उपनिरीक्षक आराधना वर्मा थाना बिजनौर लखनऊ कमिश्नरेट
- महिला आरक्षी आकांक्षा अवस्थी थाना बिजनौर लखनऊ
- महिला आरक्षी अमृता थाना बिजनौर लखनऊ
- महिला आरक्षी कोमल सिंह थाना बिजनौर लखनऊ
- गुडौरा थाना क्षेत्र बिजनौर में जाकर महिलाओं एवं बच्चों को जागरूक किया।

### कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण

मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत आज दिनांक 23.04.2026 को गुडौरा थाना क्षेत्र बिजनौर में जाकर महिलाओं व बच्चों को मिशन शक्ति 5.0 के तहत थाने पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र / महिला हेल्प डेस्क / साइबर हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी दी गई एवं महिलाओं के साथ होने वाली घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर होने वाले उत्पीड़न से सम्बंधित तथा दहेज प्रताड़ना, साइबर अपराध  के बारे मे समझाया गया व सरकार द्वारा चालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई व महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर व यूपी  कॉप ऐप की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देना था। महिलाओं को बताया गया कि कौन-कौन से आचरण एवं व्यवहार अपराध की श्रेणी में आते हैं तथा ऐसे मामलों में कानून किस प्रकार उनकी सहायता करता है।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को महिला संबंधी अपराधों के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी बताए गए। उन्हें यह भी बताया गया कि ओटीपी (OTP) या व्यक्तिगत जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति से साझा न करें तथा ऑनलाइन लेन-देन करते समय विशेष सावधानी बरतें।

महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों — 1076, 1090, 112, 181, 1930, 102, 108 — की जानकारी दी गई ताकि वे आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।

इसके अतिरिक्त, थाना स्तर पर संचालित महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति केंद्र की सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया, जिससे महिलाएँ इन केंद्रों से परामर्श एवं त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें।

## कार्यक्रम के उद्देश्य

**1. कानूनी जागरूकता**

महिलाओं को उन आचरणों एवं व्यवहारों की जानकारी दी गई जो अपराध की श्रेणी में आते हैं। उन्हें अपने अधिकारों एवं कानूनी सीमाओं के प्रति जागरूक किया गया ताकि वे आत्मरक्षा और न्याय की दिशा में सशक्त बन सकें।

**2. साइबर सुरक्षा एवं ऑनलाइन जागरूकता**

महिलाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए। उन्हें यह समझाया गया कि किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें, और किसी भी ऑनलाइन फ्रॉड की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करें।

**3. सहायता केंद्रों की जानकारी**

थाना स्तर पर संचालित महिला सुरक्षा केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, एवं मिशन शक्ति केंद्र की उपलब्ध सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि वे इन केंद्रों से सहायता, परामर्श एवं शिकायत दर्ज करने हेतु संपर्क कर सकती हैं।

## निष्कर्ष

यह कार्यक्रम महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। इस पहल से महिलाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं समाज में अपनी भूमिका के प्रति सजगता बढ़ी।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-II

दिनांक- 23.04.2026

### मिशन शक्ति 5.0

### "अधिकारों की पहचान, सुरक्षा की जान, लखनऊ पुलिस का मिशन शक्ति अभियान।"

**थाना पारा की पिंक बूथ 25 द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत पुराना पारा हंस खेड़ा मोड़ पर महिलाओं एवं बच्चों को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, यूपी कॉप ऐप के उपयोग, महिला हेल्प डेस्क एवं साइबर अपराधों से सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देकर किया गया जागरूक।**

मिशन शक्ति 5.0 के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में श्रीमान पुलिस आयुक्त श्री अमरेन्द्र कुमार सेंगर के निर्देशन में जनपद लखनऊ में 54 थानों पर मिशन शक्ति केन्द्र की स्थापना की जा चुकी है। जिसमें 01 निरीक्षक,01 अतिरिक्त निरीक्षक,01 उपनिरीक्षक,01 महिला उपनिरीक्षक की नियुक्ति की जा चुकी है। थाने पर आने वाली महिलाओं की समस्त समस्याओं का त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है।

थाना पारा की पिंक बूथ 25 टीम द्वारा पुराना पारा हंसखेड़ा मोड़ पर मिशन शक्ति के तहत एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें राहगीर महिलाओं और बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति सजग किया। इस दौरान महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई और साथ ही उन्हें महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों तथा साइबर क्राइम से बचाव के उपायों से अवगत कराया गया। यह पहला सकारात्मक कदम है जो समाज में सुरक्षा और जागरूकता का संदेश फैला रहा है।

**आयोजक/ अयोजन स्थल**

- महिला का0 पूजा सरोज, पिंक बूथ 25 थाना पारा, लखनऊ कमिश्नरेट
- पुराना पारा हंसखेड़ा मोड़ थाना पारा लखनऊ कमिश्नरेट

**प्रतिभाग-**

- महिला का0 पूजा सरोज, पिंक बूथ 25 थाना पारा , लखनऊ कमिश्नरेट
- पुराना पारा हंसखेड़ा मोड़ थाना पारा लखनऊ कमिश्नरेट में महिलाओं और बच्चों को जागरूक किया गया।

**कार्यक्रम का संक्षिप्त विवरण-**

लखनऊ कमिश्नरेट द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए पिंक बूथ 25 थाना पारा, दिनांक 24.04.2026 को थाना पारा क्षेत्र के पिंक बूथ में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को अपराध, साइबर अपराध से बचाव, सी.ई.आई.आर. पोर्टल, यूपी कॉप ऐप के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, उन्हें आपात स्थितियों में त्वरित सहायता प्राप्त करने के लिए सभी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों - जैसे 1090 (महिला पावर लाइन), 112 (आपातकालीन सेवाएं), 108 (एम्बुलेंस), 1098 (चाइल्डलाइन) और 1076 (टोल-फ्री हेल्पलाइन) - से अवगत कराया गया।

महिला हेल्प डेस्क और मिशन शक्ति केंद्रों की भूमिका को समझाया गया तथा बालिकाओं को उनके भविष्य के प्रति आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। ग्रामीण महिलाओं के साथ हुए इस संवाद का मुख्य उद्देश्य उन्हें उनके अधिकारों और उपलब्ध सुरक्षा तंत्र के प्रति सजग और सशक्त बनाना था।

**कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं और सकारात्मक पहलू:**

बहुआयामी शिक्षा: प्रतिभागियों को केवल पारंपरिक अपराधों से ही नहीं, बल्कि साइबर अपराधों, सी.ई.आई.आर. पोर्टल और यूपी कॉप ऐप जैसे डिजिटल उपकरणों के बारे में भी जागरूक किया गया। यह आधुनिक जोखिमों से निपटने के लिए आवश्यक है।

हेल्पलाइन संसाधनों से अवगत कराना: 1090, 112, 108, 1098 और 1076 जैसी सभी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देना एक कारगर कदम है, ताकि महिलाएं और बच्चे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद ले सकें।

संस्थागत सहायता प्रणाली का परिचय: महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, एंटी रोमियो स्क्वाड और महिला सुरक्षा केंद्रों की भूमिका को समझाना महिलाओं को यह आश्वस्त करने के लिए आवश्यक है कि उनकी सुरक्षा के लिए एक ठोस व्यवस्था मौजूद है और वे संकोच न करें।

**निष्कर्ष:**

लखनऊ पुलिस की महिला सुरक्षा के प्रति गंभीरता और प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। ऐसे जागरूकता कार्यक्रम न केवल महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग बनाते हैं, बल्कि संभावित अपराधियों के लिए एक सशक्त संदेश भी भेजते हैं कि प्रशासन सजग और सक्रिय है। इस प्रकार की पहलें निरंतर और व्यापक स्तर पर होती रहनी चाहिए ताकि समाज के हर वर्ग तक यह जानकारी पहुँच सके और एक सुरक्षित, सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण हो सके।

# पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

## मिशन शक्ति बुलेटिन-I

**दिनांक- 23.04.2026**

**मिशन शक्ति 5.0-"सतर्कता हमारी, सुरक्षा तुम्हारी, मिशन शक्ति है यह हम सबकी जिम्मेदारी!"**

**थाना पीजीआई की पिंक बूथ 36 की टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के तहत मनी माउण्ट क्षेत्र के आस-पास महिलाओं और बच्चों को साइबर अपराध, महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क और पिंक बूथ के बारे में विस्तार से जानकारी देकर किया जागरूक।**

लखनऊ: उत्तर प्रदेश सरकार एवं पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही बहुप्रशंसित योजना **"मिशन शक्ति 5.0"** के तहत लखनऊ कमिश्नरेट के थाना पीजीआई क्षेत्रान्तर्गत पिंक बूथ 36 की टीम द्वारा मनी माउण्ट कैम्पस में विशेष जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। जिसमें महिला और बच्चों को महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को **सुरक्षा, अधिकारों एवं सरकारी सहायता, सेवाओं** के प्रति जागरूक करना था।

मिशन शक्ति, उत्तर प्रदेश पुलिस की एक प्रमुख पहल, जिसका उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को सशक्त बनाना और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इसकी नवीनतम कड़ी, मिशन शक्ति 5.0, के तहत लखनऊ कमिश्नरेट में व्यापक स्तर पर जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में, थाना पीजीआई क्षेत्रान्तर्गत पीजीआई कैम्पस में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### आयोजक/आयोजक स्थान -

- महिला मुख्य आरक्षी पूजा सिंह, पिंक बूथ 36, थाना पीजीआई, कमिश्नरेट लखनऊ
- महिला आरक्षी प्रेमा प्रजापति, पिंक बूथ 36, थाना पीजीआई, कमिश्नरेट लखनऊ
- थाना पीजीआई क्षेत्रान्तर्गत मनी माउण्ट में

### प्रतिभागी: -

- महिला मुख्य आरक्षी पूजा सिंह, पिंक बूथ 36, थाना पीजीआई, कमिश्नरेट लखनऊ
- महिला आरक्षी प्रेमा प्रजापति, पिंक बूथ 36, थाना पीजीआई, कमिश्नरेट लखनऊ
- थाना पीजीआई क्षेत्रान्तर्गत मनी माउण्ट कैम्पस के आस-पास महिलाएं व बच्चे।

### कार्यक्रम का विस्तृत विवरण:

दिनांक 23.04.2026 को मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत लखनऊ कमिश्नरेट के थाना पीजीआई की पिंक बूथ 36 की टीम द्वारा मनी माउण्ट कैम्पस के आस-पास महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिलाओं और बच्चों को महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर व्यापक जानकारी प्रदान की गई।

महिलाओं को अपने साथ हो रहे अपराधों व अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही साथ महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090 (महिला पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1098 (चाइल्डलाइन), 1076 (टोल-फ्री सिटीजन कॉल सेंटर), 101 (अग्निशमन), 102 (एम्बुलेंस), 108 (आपातकालीन सेवा), 112 (ईआरएसएस) और 1930 (साइबर क्राइम हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा, उन्हें यूपी- (यूपी कॉप) एवं आदि नंबरों के बारे में जानकारी दी गयी।

बच्चो को गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से दी गयी जानकारी के साथ- साथ महिला सुरक्षा केंद्र/ मिशन शक्ति केंद्र व साइबर अपराधों के बारे में की जानकारी दी गई तथा हेल्प लाइन नंबरों की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई और साइबर फ्रॉड से बचने की जानकारी दी गई।

इसके अतिरिक्त, थाना पीजीआई में संचालित महिला सुरक्षा केंद्र और महिला हेल्प डेस्क की भूमिका और कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गई। साथ ही, माननीय मुख्यमंत्री द्वारा महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण हेतु चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के अंत में सभी महत्वपूर्ण जानकारियों से युक्त पम्पलेट का वितरण भी किया गया, जिससे स्थानीय महिलाओं को इन सेवाओं की जानकारी स्थायी रूप से संदर्भ हेतु उपलब्ध रहे।

**जागरूकता के विषय :-**

अभियान के दौरान महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, घरेलू हिंसा, बाल संरक्षण, गुड टच-बैड टच, तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर (112, 1090, 1098 आदि) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही महिलाओं को उनके अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों के बारे में भी अवगत कराया गया।

## मुख्य बिंदु :-

- महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति प्रेरित किया गया
- संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु प्रेरित किया गया
- साइबर ठगी एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपाय बताए गए
- बच्चों को सुरक्षित वातावरण एवं सतर्कता के महत्व से अवगत कराया गया
- आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना को सुदृढ़ किया गया

आधुनिक डिजिटल युग में बढ़ते खतरों को देखते हुए, इस कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया। छात्राओं को साइबर धोखाधड़ी, ऑनलाइन उत्पीड़न और सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने के उपाय सिखाए गए। साथ ही, साइबर अपराध की स्थिति में तत्काल सहायता के लिए **राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930** के बारे में विस्तार से बताया गया और जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए।